भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *267

दिनांक 06.08.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

गोदावरी जल ग्रिड परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता

***267 श्री तंगेला उदय श्रीनिवासः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार को आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जिसमें उक्त राज्य सरकार ने गोदावरी जल ग्रिड (अमरजीवी जलधारा) परियोजना के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत और अधिक केन्द्रीय सहायता की मांग की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) इस प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है और कितनी वित्तीय सहायता मांगी गई है और कितनी अनुमोदित की गई है;
(ग) केन्द्रीय सहायता जारी करने और परियोजना को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है; और
(घ) क्या सरकार ने यह आकलन किया है कि काकीनाडा और गोदावरी क्षेत्र के अन्य लाभार्थी जिलों को सुरक्षित और सतत आधार पर पेयजल उपलब्ध कराने में इस परियोजना से क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री
(श्री सी. आर. पाटिल)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"गोदावरी जल ग्रिड परियोजना के लिए केंद्रीय सहायता" के संबंध में श्री तंगेला उदय श्रीनिवास द्वारा पूछे गए दिनांक 06.08.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु नियत लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *267 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ) भारत सरकार अगस्त 2019 से राज्यों की भागीदारी से, जल जीवन मिशन (जेजेएम)- हर घर जल कार्यान्वित कर रही है ताकि आंध्र प्रदेश सहित देश में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल कनेक्शन के माध्यम से पीने योग्य जल सुनिश्चित रूप से प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बढ़े हुए परिव्यय और जेजेएम 2.0 के तहत ग्रामीण पेयजल आपूर्ति क्षेत्र में पुनर्गठित सुधार के साथ जल जीवन मिशन के विस्तार को मंजूरी दे दी है।

जल राज्य का विषय है और इसलिए, जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाली योजनाओं सहित पेयजल आपूर्ति योजनाओं की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। भारत सरकार केवल तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की मदद करती है।

मिशन की शुरुआत में, आंध्र प्रदेश राज्य में केवल 30.74 लाख (32.18%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, राज्य द्वारा सूचित किए गए अनुसार, लगभग 41.37 लाख और ग्रामीण परिवारों को जेजेएम के तहत नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 18.07.2026 तक, 95.53 लाख ग्रामीण परिवारों में से लगभग 72.11 लाख (75.48%) ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जिनमें काकीनाडा और गोदावरी क्षेत्र के अन्य जिलों के ग्रामीण परिवार भी शामिल हैं।

आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, गोदावरी जल ग्रिड परियोजना (अमरजीवी जलधारा) के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत अतिरिक्त वित्तीय सहायता की मांग करते हुए राज्य सरकार द्वारा इस विभाग को अलग से कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है।

****